FD-976

BBA 2nd Semester
Examination, May-June 2022

HINDI

(106)

Time : Three Hours] [*Maximum Marks* : 90
[*Minimum Pass Marks* : 32

नोट : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं।

इकाई-I

1. भाषा के मानकीकरण से क्या तात्पर्य है? मानक भाषा के स्वरूप और लक्षणों पर प्रकाश डालिए। 18

अथवा

मानक, उपमानक और अमानक भाषा के बीच विभेद को उदाहरण सहित समझाइए।

इकाई-II

2. (क) त्रुटिहीन भाषा-प्रयोग के लिए कितने प्रकार की अशुद्धियों की पहचान की जा सकती है? प्रत्येक प्रकार की अशुद्धि के दो-दो उदाहरण देकर समझाइए। 8

अथवा

भाषा में वर्तनी-संबंधी अशुद्धियों का विस्तारपूर्वक तथा उदाहरण सहित विवेचन कीजिए।

(ख) निम्नांकित में से **पाँच** शब्दों की वर्तनी-संबंधी त्रुटियों की पहचान कर उनके शुद्ध रूप लिखिए : 5

(*i*) अहिल्या

(*ii*) बसंत

(*iii*) ब्रम्ह

(*iv*) आर्शीवाद

(*v*) द्वैवार्षिक

(*vi*) निर्गुणी

(*vii*) दृष्टा

(*viii*) कौतुहल

(ग) निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए : 5

(*i*) मित्रों! हमारा समाज कठिन दौर से गुजर रहा है।

(*ii*) वह बड़ा कंजूस आदमी है।

(*iii*) वह पिछले साल फेल हो जाएगा।

(*iv*) सायंकाल के समय हमारे घर पूजा होगी।

(*v*) उसकी अधिकांश जमा-पूंजी खर्च हो गयी।

(*vi*) सिवाय रमेश को छोड़ कर सभी आये थे।

(*vii*) सभी इकाई से प्रश्न पूछे गये हैं।

(*viii*) रूस और यूक्रेन के बीच बहुत घोर युद्ध हो रहा है।

इकाई-III

3. (क) निम्नांकित को परिभाषित करते हुए प्रत्येक के दो-दो उदाहरण लिखिए : 10

(*i*) तत्सम

(*ii*) तद्भव

(*iii*) देशज

(*iv*) विदेशी

(*v*) संकर

(ख) निम्नलिखित उपसर्गों/प्रत्ययों का प्रयोग करते हुए प्रत्येक के लिए दो–दो उपयुक्त शब्दों की रचना कीजिए : 4

(*i*) आ

(*ii*) बद

(*iii*) आई

(*iv*) वाला

(ग) निर्देशानुसार उत्तर लिखिए : 4

(*i*) कमल शब्द का पर्यायवाची शब्द लिखिए।

(*ii*) बदनुमा का विलोमार्थी शब्द बताइए।

(*iii*) शब्द–युग्म, 'संकर' और 'शंकर' के बीच अर्थगत भेद बताइए।

(*iv*) पानी के तीन भिन्न–भिन्न अर्थ लिखिए।

इकाई-IV

4. (क) शैक्षणिक यात्रा पर रामटेक (महाराष्ट्र) जाने की अनुमति देने की प्रार्थना करते हुए शासकीय महाविद्यालय, रामपुर के प्राचार्य को उस संस्था के विद्यार्थी के रूप में आवेदन-पत्र लिखिए। 10

अथवा

नगर के प्रमुख चौराहे पर भीड़ और बेलगाम यातायात के नियंत्रण हेतु ट्रैफिक पुलिसकर्मी तैनात करने के विषय में पुलिस अधीक्षक, दुर्ग को सम्बोधित प्रार्थना-पत्र का प्रारूप लिखिए।

(ख) निम्नांकित अनुच्छेद का सार लिखिए (एक तिहाई शब्दों में) : 8

संस्कृति किसी भी देश, जाति और समुदाय की आत्मा होती है। संस्कृति से ही देश, जाति या समुदाय के उन समस्त संस्कारों का बोध होता है जिनके सहारे वह अपने आदर्शों, जीवन-मूल्यों आदि का निर्धारण करता है। अतः संस्कृति का साधारण अर्थ होता है, संस्कार, सुधार, परिष्कार, शुद्धि, सजावट आदि।

आज के समय में सभ्यता और संस्कृति को

एक–दूसरे का पर्याय समझा जाने लगा है जिसके फलस्वरूप संस्कृति के संदर्भ में अनेक भ्रांतियाँ पैदा हो गई हैं। लेकिन वास्तव में संस्कृति और सभ्यता अलग–अलग होती है। सभ्यता का संबंध हमारे बाहरी जीवन के ढंग से होता है; यथा खान–पान, रहन–सहन, बोलचाल आदि, जबकि संस्कृति का संबंध हमारी सोच, चिंतन और विचारधारा से होता है।

संस्कृति का क्षेत्र सभ्यता से कहीं अधिक व्यापक और गहन होता है। सभ्यता का अनुकरण किया जा सकता है, लेकिन संस्कृति का अनुकरण नहीं किया जा सकता।

स्पष्ट है कि दोनों के क्रियाकलाप अलग–अलग हैं और दोनों परस्पर जुड़े हुए भी हैं। सभ्यता में मनुष्य के राजनीतिक, प्रशासनिक, आर्थिक, प्रौद्योगिकीय एवं दृश्यकला–रूपों का प्रदर्शन होता है जो जीवन को सुखमय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

संस्कृति के अंतर्गत कला, विज्ञान, संगीत, नृत्य और मानव जीवन की उच्चतर उपलब्धियाँ सम्मिलित हैं। अतः यही कहा जा सकता है कि सभ्यता वह है जो हम बनाते हैं तथा संस्कृति वह है जो हम हैं।

इकाई-V

5. (क) निम्नांकित में से किसी **एक** विषय पर 250 शब्दों में निबंध लिखिए : 10

(*i*) व्यापार–प्रबंधन की कला

(*ii*) भारत की सांस्कृतिक विविधता

(ख) संक्षेपण से क्या तात्पर्य है? संक्षेपण लिखने में क्या सावधानी बरतनी चाहिए? 8

अथवा

संक्षेपण–कला पर विस्तृत टिप्पणी लिखिए।